# चित्रकूट पुलिस

**(1).** “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल- जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).**

आज दिनांक 11.09.2026 को समय करीब 09:30 बजे पीआरबी के माध्यम से थाना कोतवाली कर्वी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि धुस मैदान स्थित एक मकान में आग लग गई है तथा मकान के अंदर 03 व्यक्ति फंसे हुए हैं।

सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री सत्येन्द्र सिंह सहित थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया तथा फायर सर्विस को तत्काल सूचना देते हुए राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ किया गया।

पुलिस टीम एवं फायर सर्विस कर्मियों द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए मकान में फंसे राजू पुत्र बृजलाल, उम्र करीब 45 वर्ष एवं बृजलाल,उम्र करीब 72 वर्ष, निवासीगण धुस मैदान, थाना कर्वी, जनपद चित्रकूट को सकुशल बाहर निकाला गया। दोनों को उपचार हेतु जिला अस्पताल चित्रकूट भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा घायलों को बेहतर एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) चित्रकूट से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

दुर्भाग्यवश, सोहन पुत्र बृजलाल, उम्र करीब 42 वर्ष, निवासी धुस मैदान, थाना कर्वी, जनपद चित्रकूट की आग की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। मृतक के शव को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई हेतु मॉर्चरी हाउस भेजा गया।

फायर सर्विस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर पूर्णतः काबू पा लिया गया तथा आसपास के क्षेत्र में आग फैलने से रोक लिया गया।